# Jagran

## Lalu yadav says BPSC delayed in Restoration Process

राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा है कि बीपीएससी बेकार का कमीशन है, इससे ही बहाली प्रक्रिया में देरी होती है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की समस्या पर भी प्रतिक्रिया जताई।

पटना [वेब डेस्क]। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बीपीएससी को आड़े हाथों लेते हुए इसे बेकार का कमीशन बताया और कहा कि बीपीएससी से बहाली में देरी होती है। लालू ने कहा कि राज्य में प्राइमरी से लेकर यूनिवर्सिटी टीचर की नियुक्ति ओपेन कंपीटीशन से की जाए।

उन्होंने कहा कि 9000 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन करे और लेक्चरर की बहाली भी स्थानीयता को ध्यान में रखते हुए कॉलेज सेवा आयोग को फिर बहाल करना चाहिए, हमने ऐसा किया था।

कॉलेज सेवा आयोग ही करे। वीसी की बहाली में भी आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री अशोक चौधरी से इसके लिए बात की है।

**जम्मू-कश्मीर के हालात पर चिंता और की शांति की अपील**

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने जम्मू-कश्मीर के हालात पर चिंता जताते हुए वहां की जनता से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जनता संविधान में आस्था बनाये रखे और अलगावादियों अलग-थलग करके भारत की मुख्यधारा में जुड़े।

लालू प्रसाद ने कहा कि कश्मीर में हालात बिगड़ते जा रहे है। अबतक सरकार वहां सामान्य स्थिति बहाल करने में सफल नहीं हो पाई है। जम्मू-कश्मीर हाथ से बाहर जाता हुआ दिख रहा है। तमाम कोशिश नाकामयाब साबित हो रही है। जम्मू-कश्मीर की महान जनता से अपील है कि वो संविधान में आस्था बनाये रखे।

आरजेडी सुप्रीमो ने कहा कि अलगाववादी लोगों को गुमराह कर टकराव की स्थिति पैदा कर रहे हैं। वहां के लोगों को अलगाववादियों का समर्थन नहीं करना चाहिए।